आक्षरी

साधु शरण सिन्हा

सौभाग्यं देवभाषायाः सौभाग्यं भारतस्य च ।
लिखन्ति यत्र संस्कृते विज्ञानस्यापि सेवकाः ॥

विज्ञान-विषय पर लेखन देवभाषा संस्कृत
के लिए सौभाग्य है ।

सिन्हामहोदयेन यत् सारल्यं समुपाश्रितम् ।
सर्वेषां सुखबोधाय तथाऽन्यत्र सुदुर्लभम् ॥

सिन्हा महोदय ने संस्कृत में सरलता
को प्रश्रय दिया है जो अबतक दुर्लभ था
और जिससे सब लोगों को प्रसन्नता होगी ।

लेखनं यशस्वीं स्यात् भविष्येऽपि सदा लेखनं ।
कामये स्यात् सदा सिद्धिः प्रयत्नं सफलं तथा ॥

उनका लेखन यशस्वी हो भविष्य में भी लिखें-उनका
प्रयल सफल हो यही मेरी कामना है ।

— आचार्य मिथिलेश झा

SRF
Depl. of Sanskrit
Faculty of Arts
B.H.U. VARANASI

याज्ञवल्क्य-मंडनमिश्रयोः ध्वनिः ।
भ्रमति कदाचिन्निस्सीम्नि गगने ॥
समीपे आगताः मया श्रुताः शैशवे ।
सस्वर पाठाः सर्वे "आक्षर्यां" समागताः ॥

याज्ञवल्क्य तथा मंडनमिश्र की ध्वनि
शायद असीम गगन में घूम रही है ।
वचपन में मेरे समीप आई-गूँज कानों
में पड़ी तथा वेदों के सस्वर पाठ की
अनु-प्रतिध्वनि सब आक्षरी
में आ गई ।

त्रूटिकारणेन क्षन्तव्योऽहं ।
सन्ति ये "आक्षरी" पुस्तके ॥
विज्ञान-राजनीति-वैराग्यम् च ।
सर्व-विषयाः आश्रयन्ते ॥

विज्ञान राज-नीति, वैराग्य आदि
विषयों पर लिखित लेखों में
निहित त्रुटिओं के लिए पाठक
क्षमा करें ।

— साधुशरण सिन्हा

आक्षरी

साधु शरण सिन्हा

आक्षरी

अधिकृत वितरक :—

भारती-प्रकाशन

जे० बी० एल मार्केट

खजांची रोड पटना—800 004

Phone No. : 0612 : 659115

अतिरिक्त पुस्तक प्राप्तिस्थान :—

महावीर पेपर प्रोडक्टस

गणपति मार्केट, खजांचीं रोड पटना - 4

Phone No. : 0612 : 674784

मूल्य – 100.00 रु०

प्रकाशक :—

सिन्हा टेक्निकल सर्विसेज

सिन्हा हाउस, गोलवली, महालक्ष्मी डाइंग के सामने, एम० आइ० डी० सी०।

डोंबिवली पूर्व, जि०- थाना, पिन - 421 203 (महाराष्ट्र)

Phone No. : 0251 : 456760

अपने विचार

रासायनिक अभियन्ता होकर भी वीसवीं सदी में संस्कृत में लिखने का प्रयोजन इस प्राचीन समृद्ध विश्व-शान्ति निनादित करती संस्कृत भाषा के प्रति आदर निष्ठा तथा यथा योग्य पुनर्प्रतिष्ठित करने का तुच्छ प्रयत्न मात्र है। वेद ऋचाओं के सस्वर पाठ के प्रति आकर्षण सम्मोहन (1) संस्कार जन्य अनुभूति तथा भारतीय सामाजिक परिवेश में संस्कृत शब्दों की प्रति-ध्वनि सर्वदा सर्वथा अनुप्रेरित करती रही है। (2) कि अहं, ब्रह्म, सोऽहं, अनहद नाद, पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते, क्या है कैसे समझा प्राप्त किया जा सकता है यह सब योगिभिर्ध्यानगम्यम् है और इसीलिए मैंने पुनः पुनः पठिता गीता (3) लिखा जो कृष्ण कृपा से ही प्राप्त हो सकता है। जब विश्व रासायनिक संघ आनंदामाइड (4) (चीनी से हजारों गुना अधिक मीठा के लिए प्रयुक्त संस्कृत शब्द) का प्रयोग करता है तो मेरा संस्कृत में लिखने का प्रयत्न अवश्यमेव उचित एवं सामयिक है।

सबसे बड़ा प्रश्न पूजा जप तप ध्यान आसन प्रवचन मंदिर गमन संत समागम के औचित्य का इस वींसवी सदी या सृष्टी के अन्त तक सामयिक रहने का है। सभी युग समय में हिंसा कदाचार व्यभिचार दुर्नीति गमन पर-पीड़न रहा है तथा सृष्टि के अन्त तक रहेगा। पहले युद्ध युगल द्वन्द्व तक सीमित था सामूहिक होकर भी सृष्टि का विनाशक नहीं था पर अब निमिष मात्र में ही मानवता का, सृष्टि का विनाश संभव है (5) पहले शास्त्रादेश का पालन, ऋषि मार्ग प्रदर्शन तप योग आदि द्वारा आत्मा का उन्नयन युद्ध परिसीमन के लिए उपयुक्त था और सामाजिक मूल्य सर्वोपरि था पर आज आर्थिक प्रतिद्वन्दिता में सारे मूल्य तिरोहित हो गए हैं और परिणाम पूरा मानव समुदाय कुंठा तनाव आत्मविश्वास में कमी तथा अशांति का अनुभव कर रहा है जिसका प्रतिकार कुछ है भी नहीं।

इसीलिए आर्थिक प्रतिद्वन्द्विता विज्ञान प्रतिद्वन्द्विता श्रेष्ठता प्रतिद्वन्द्विता में भारतीयों को आना ही है तथा स्वीकारना है। समाज समुदाय की सच्चाइयों का, पृथ्वी पर होने वाले सतत परिवर्तन में सम्मिलित होना ही है (6)

अपनी पुरानी संस्कृति का युग के परिवर्तन से सामञ्जस्य बिठाना पग पग पर पग मिलाना भारतीयों के लिए सर्वदा के लिए पहला कर्त्तव्य है और सब दिन के लिए हमेशा के लिए रहेगा। चुनौती रहेगी ताल मेल बिठाने और आगे बढ़ने की। इसीलिए मैंने सारे प्राचीन मूल्यों का आधुनिकता के संदर्भ में विज्ञान तकनीकी के संदर्भ में विश्व-प्रतिद्वन्द्विता के संदर्भ में देखा है (7) और मुझे प्रसन्नता है कि हजार वर्षों की दासता (8) को झेलकर भी हम अपना प्रतिनिधित्व मौलिकता नहीं भूले हैं न हमारी प्रज्ञा कुंठित अवहेलित अधोगामी हुई है और पचास वर्षों की तुच्छ अवधि में ही हमने विश्व स्तर की श्रेष्ठता में अपना स्थान बना लिया है और मेरा विश्वास है भारत के युवक सदैव श्रेष्ठता लायेंगे श्रेष्ठता प्राप्त करेंगे।(9)

तथापि मेरा सोचना है विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति अभी और अपेक्षित अपेक्षणीय है यद्यपि दूसरे देशों में जाकर अपनी क्षमता प्रज्ञा विधा का पूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं।

साथ-साथ संस्कृत में व्यक्त भावों का,विचारों क्रिया कलापों का,विभिन्न न्यास विधियों का सम्यक सतत प्रचार प्रसार हो (10) तथा विज्ञान के विषयों का संस्कृत में समावेश हो। (11) संस्कृत में आधुनिक सामयिक सम्यक लेखन हो तो संस्कृत का रूप निखरेगा विखरेगा जिससे मानव समाज का कल्याण होगा और श्रेय मिलेगा संस्कृत को तदुपरांत उसके प्रचारको प्रसारको को। एक बात और। संस्कृत सरल पठनीय हो। (12) वेदों की भाषा क्लिष्ट है। बाद की संस्कृत-भाषा में सरलीकरण का प्रयास लगता है। आजकल हिन्दी-अंग्रेजी सब भाषा में काव्य को भाषा से छन्द लय से मुक्त किया जा रहा है।महाकवि कालिदास ने प्राक्कथन में ही विद्वानों को उनकी भाषा पद-लालित्य,शब्द-विन्यास,भावार्थ उपमा आदि से पूर्णरूपेण सन्तुष्ट होने पर ही उनके काव्यों को पढ़ने का आह्वान किया है जो अक्षरशः सत्य है। आज भी संस्कृत में लेखन संस्कृत भाषा पर अधिकार होने पर ही संभव माना जाता है तथापि मैंने लिखा संस्कृत में (13) कारण स्पष्ट है संस्कृत की गरिमा जन जन तक हर विषय क्षेत्र में पहुँचाई जाए। इस क्षेत्र में मेरा प्रयास कहाँ तक सफल है पाठक ही वा समय बतायेगा।

चूँकि संस्कृत-साहित्य में दिखावे वा आडम्बर का स्थान नहीं है (14) इसलिए संस्कृत भाषा की गरिमा भी इसके पाठकों से सदा जुड़ी रही है। आदर्शवाद के प्रतीक संस्कृत-साहित्य के प्रणेता अध्येता दोनों रहे हैं तथा सबदिन के लिए रहना चाहिए। पर आदर्शवाद के अनुगामी कम होते हैं (15) इसका अर्थ यह कदापि नहीं कि आदर्शवाद त्याज्य है। नूतन पुरातन का सामंजस्य हो (16) समवेत स्वर में वेद-ऋचा का उद्घोष हो– विश्व-शान्ति के लिए भारतीय हमेशा अग्रणी हो (17)

जीवन के निस्सीम पथ पर मिले पं० श्री मिथिलेश झा जिन्होंने आद्यन्त पढ़ा बहुमूल्य सुझाव दिए।

अनेक अनेक धन्यवाद !

पाठकों से आग्रह है कि अपने सुझाव विचार मेरे पास भेजें।

— साधु शरण सिन्हा

इत्यलम्

तपस्थली

अथरी सीतामढ़ी (बिहार)

31/3/1998

अपने विचार के संदर्भ

(1) श्लोक सं० 204

श्लोक सं० 228

(2) श्लोक सं० 24

(3) श्लोक सं० 169

(4) श्लोक सं० 42

(5) श्लोक सं० 37

(6) श्लोक सं० 31, 35, 38, 39, 40, 251, 249

(7) श्लोक सं० 41

(8) श्लोक सं० 27, 28, 29, 30, 32, 33, 189

(9) श्लोक सं० 31

(10) श्लोक सं० 252

(11) श्लोक सं० 15, 23

(12) श्लोक सं० 12

(13) श्लोक सं० 16, 208

(14) श्लोक सं० 13, 14

(15) श्लोक सं० 72

(16) श्लोक सं० 167

(17) श्लोक सं० 237

■

विषय सूची

आक्षरी

1. प्रार्थना

प्रसीदतु विनायकः ।
पार्वती शंकराभ्यां सह ॥
सरस्वती ब्रह्माविष्णुः ।
सर्वे देवाः प्रसीदन्तु ॥

हिन्दी

प्रथम गणेश प्रसन्न हों
पार्वती शंकर के साथ ।
सरस्वती ब्रह्मा विष्णु
सभी प्रसन्न हों साथ-साथ ॥

2. भगवती प्रार्थना

आदिस्त्वं अन्तस्त्वं ।
त्वमेव मध्यरूपिणी ॥
त्वयि सर्वे विलीयन्ते ।
रक्ष मार्गदर्शिनी ॥
त्वमेव प्राणरक्षिणी ।
त्वमेव दुष्टमर्दिनी ॥
जनाय त्वं यक्षिणी ।
नेष्टकानां तक्षिणी ॥
कालव्यालधारिणी ।
खलं खड्ंगप्रहारिणी ॥

त्वमेव विन्ध्यवासिनी ।
वरदहस्तसुहासिनी ॥
त्वमेव छिन्नमस्तका ।
चंडमुंडविनाशिनी ॥
चामुंडा च सिद्धिदा ।
क्षमस्व वरदरूपिणी ॥

कोटिपापनाशिनी ।
श्वेतपद्मवासिनी ॥
करे वीणाधारिणी ।
विष्ण्वंक शायिनी ॥
त्वमेव विश्वरूपिणी ।
त्वमेव जंभनादिनी ॥
रक्ष विश्व मोहिनी ।
क्षमस्व मंत्ररूपिणी ॥
रक्ष ब्रह्मचारिणी ।
क्षमस्व वज्रधारिणी ॥
ज्ञानलोकचारिणी ।
कलौ युगे तारिणी ॥

आवाहनम् न विसर्जनम् ।
धूपं दीपं न पूजनम् ॥
योगं ध्यानं न चासनम् ।
मातुराशा केवलम् ॥
रक्ष रक्ष क्षमस्व क्षमस्व ।
कुर्याम् किं दर्शय ॥
पापात् पाहि पाहि नः ।
येनेष्टं चिन्तय ॥

हिन्दी

आदि तुम अन्त तुम
तुम ही मध्य रूपिणी
तुझमें सभी विलीन हों
रक्ष मार्ग दर्शिनी ॥
तुम ही प्राण रक्षिका
तुम ही दुष्टमर्दिनी ।
जनों के लिए यक्षिणी
अशुभ के लिए तक्षिणी ॥
काल रूपी व्याल तुम
दुष्ट खड्ग प्रहारिणी ।
तुम ही विन्ध्यवासिनी
वरद हस्त सुहासिनी ॥

तुम ही छिन्नमस्तका
चंडमुंड विनाशिनी ।
चामुंडा और सिद्धिदा
वर दे वरदरूपिणी ॥
कोटि पापनाशिनी
श्वेतपद्मवासिनी ।
हाथ में वीण ले
विष्णु अंकशायिनी ॥
तुम ही विश्वरूपिणी
तुम ही जंभनादिनी ।
क्षम मंत्ररूपिणी
रक्ष विश्वमोहिनी ।
रक्ष ब्रह्मचारिणी
क्षमस्व वज्रधारिणी ।
ज्ञानलोकचारिणी
कलियुगकी तारिणी ।।

आवाहन न विसर्जन
धूप दीप न पूजन
न योग ध्यान आसन
मां की कृपा सर्वफल ।
रक्षा करो क्षमा करो
क्या करूँ मार्ग बता ॥
पापी से तुम रक्षा करो
यथा योग्य मैं खड़ा ।
रक्ष-रक्षा करो
क्षमस्व-क्षमा करो ॥

कामना

(3) कष्टं न अनुभाव्यं ।
उपस्थिते काले गन्तुम् ॥
मातर् इच्छाम्यहम् ।
कर्त्तव्यम् कुर्वन् कर्त्तुम् ॥
नहीं कष्ट का अनुभव
अन्त काल में हे मातः ।
कर्त्तव्य कामना करते रहना
यही भावना हे मातः ॥

(4) मया प्राप्तानि सर्वानि ।
भूतले तवानुकम्पया ॥
चेत् किमपि अप्राप्तं ।
सन्तोषं मह्यम् प्रदत्तं त्वया ॥

सब कुछ मिला तेरी अनुकम्पा
जीवन में कुछ शेष नहीं ।
अगर कहीं कुछ बचा न पाया
तुमने दिया सन्तोष वहीं ॥

(5) नमोऽस्तु ते मातर् ।
आगच्छ अन्ते जपतस्य ॥
समाधिस्थं स्यादिन्द्रियं ।
जानन्नपि गन्तुमागतस्य ॥

शत-शत नमन नमन हे मातः
उपस्थित रहना अन्त समय ।
समाधि प्राप्त हो सजग इन्द्रियाँ
ज्ञान रहे जब काल विलय ॥

व्यक्तिगतः

(6) क्षम्यताम् सर्व देवाः ।
अपराधानि कृतानि मया ॥
प्रार्थयामि एकान्ते ।
क्षम्यताम् सर्व जनाः ॥

क्षमा करें सभी देव
जितने पाप हुए मुझसे ।
एकान्त में यही प्रार्थना
सभी लोग भी क्षमा करें ॥

(7) अकरणीयं यत्कृतं ।
मया मदे अज्ञातं ॥

भगवत्या पादेनाक्रम्य ।

सर्वमदो मे व्यपगतः ॥

अधम कर्म जितने भी

मद में, अज्ञात हुए मुझसे ।

भगवती ने उचित दंड दे

मेरे गर्व को चूर किया ॥

(8) सृष्टिरुपा प्रतिपालिका ।

कामरूपिणी देवी ॥

जंभनादिनी नतमस्तक ।

आगच्छ गमने काले ॥

सृष्टिरूपा प्रतिपालिका

कामरूपिणी देवी ।

अन्तसमये में आजाओ ॥

(9) कृपया पाथेयं फलम् ।

कृपया सम्प्राप्तं बलम् ॥

कृपा सर्व सुख मूले ।

कृपया तरति अर्णवम् ॥

कृपा से फल मिले

कृपा से बल मिले ।

कृपा सभी सुख का मूल

कृपा से भवसागर तरे ॥

(10) शिवस्य नाम्ना स्वस्त्यस्तु ।

ध्यानेन आप्नोति बलम् ॥

शिवः स्मरणीयः प्रातः ।

प्रत्याहारे सदा सदा ॥

शिव नाम कल्याण करे

ध्यान करे तो बल मिले ।

प्रातः स्मरणीय शिव हैं

प्रत्याहार के लिए सदा ॥

संस्कृत-भाषायाः

(11) मन्त्रे संस्कृतभाषायाः ।

मानवत्वं शब्दायते ॥

यथा वक्तुं तथा लिखितुम् ।

नांग्ल भाषेव यदा ॥

संस्कृत भाषा के मंत्रों में

मानवता झलकती है ।

जो बोलें वही लिखें

अंग्रेजी भाषा की तरह नहीं ॥

(12) विज्ञानविषयेन कारणेन ।

आंग्लभाषा आदृता ॥

सुलभाः पठनीयाः संस्कृते ।

भविष्ये खलु करणीयाः ॥

विज्ञान विषय के कारण ही

अंग्रेजी इतनी प्रचलित हुई ।

संस्कृत में भी इसी तरह

सुलभ बनाना कर्त्तव्य रहा ॥

(13) कदापि न संस्कृतसाहित्ये ।
पुष्पिताः आश्रयन्ते ॥
पाठयति सदा ऐक्यं ।
मनसा वाचा कर्मणा ॥

संस्कृत में दिखावे का
कभी भी स्थान नहीं ।
मन वचन कर्म तीनों में
एकता सिखाता संस्कृतसाहित्य ॥

(14) संस्कृतं पाठयति मार्दवम् ।
जनाय ददाति आर्जवम् ॥
धनाय लोभाय मदनाय ।
यः पठति सः पतिष्यति ॥

संस्कृत सिखाए मृदुतां
जन को दे सरलता ।
धन लोभ काम के लिए
जो पढ़ता वह डूबेगा ॥

(15) संस्कृतसाहित्ये तु लेख्याः ।
राष्ट्रीयाधुनिकाः लेखाः ॥
शोधोत्पन्ने तकनीकी ।
विज्ञानविषयाः सम्मिलिताः ॥

संस्कृत साहित्य में लिखे जाएं
आधुनिक विषयों के लेख सभी ।
शोध से जो तकनीकी
विज्ञान विषय भी सम्मिलित हों ॥

(16) मया अल्पज्ञेन लिखिताः ।
श्लोकाः संस्कृतभाषायाम् ॥
आंग्लभाषायाः विषयाः ।
व्यक्ताः श्रद्धया निष्ठया ॥

मेरे जैसा अल्पज्ञ ने
संस्कृत में श्लोक लिखा ।
अंग्रेजी में व्यक्त भावों के
रूपान्तर के कारण ही ॥

(17) अथवा संस्कृतविषयाः ।
आंग्लभाषायाम् कृताः ॥
चेत् पाठकैः श्लाघ्याः ।
कृतकृत्यः भविष्याम्यहम् ॥

अथवा संस्कृत विषयों का
मैंने आंग्ल में अनुवाद किया ।
अगर पाठकों ने सराहा
मैं कृतकृत्य हो जाऊँगा ॥

(18) संस्कृतभाषायाः विषयाः ।
आंग्लभाषायामनुवादे ॥
मया अनुमतं न शक्नोमि ।
श्रमसाध्यः वा असंभवः ॥

संस्कृत विषयों का अंग्रेजी अनुवाद ।
श्रमसाध्य या असंभव है ॥

(19) जगद्धिताय ये श्लोकाः ।
आंग्लभाषायामसंभवाः ॥
आंग्लभाषाम् न जानामि ।
वा आंग्लभाषा अक्षमा ॥

संसार की भलाई के लिए
संस्कृत के श्लोकों का अंग्रेजी अनुवाद अविकल
असंभव है । या तो मैं अंग्रेजी नहीं जानता
या अंग्रेजी में संभव ही नहीं ॥

(20) आंग्ल-भाषायाम् "स्वस्त्यस्तु" ।
मया लिखितम् पुस्तकम् ॥
"तांडव-नृत्यम्" "गीता सारः" ।
अवश्यमेव पठितव्यम् ॥

अंग्रेजी में मेरे द्वारा लिखित पुस्तक ।
"स्वस्त्यस्तु" के "तांडव-नृत्य"
और "गीता सार" अवश्य पढ़ें ॥

(21) मिथ्या न वेदोपनिषदः ।
न जल्पाः विज्ञान-विषयाः ॥
प्रारंभे मंत्र-पठेत् तदा ।
फीजन-फ्यूजन पठनीयौ ॥

वेदोपनिषद है व्यर्थ नहीं
विज्ञान-विषय हैं उपयोगी ।
पहले मंत्रपाठ करें
फिर Fission-fusion अध्ययन करें ॥

(22) स्वस्त्यस्तु मानवाय ।
मया लिखितः श्लोकः ॥
"स्वस्त्यस्तु" नाम्ना पुस्तकम् ।
आंग्लभाषायामपि ॥

मानव-कल्याण के लिए
मैंने श्लोक लिखे ।
इसीलिए (मानव-कल्याण के लिए स्वस्ति + अस्तु)
अंग्रेजी की पुस्तक का नाम स्वस्त्यस्तु रखा ॥

(23) अमरकोषः अमरकृतिः ।
अमरत्वमाप्नुयात् ॥
अमरकोषं विज्ञानशब्दैः ।
समृद्धं कुर्वन्तु ॥

अमरकोष है अमरकृति
अमरत्व को प्राप्त है ।
अमरकोष में अब
विज्ञान शब्दों का समावेश हो ॥

(24) यदा संस्कृतभाषायाम् ।
वाद-विवादं श्रृणोम्यहम् ॥
हृदयं उत्फुल्लं जातं ।
अनुकर्त्तुम् इच्छाम्यहम् ॥

संस्कृत में वाद-विवाद सुनने से ।
हृदय उत्फुल्ल हो जाता है तथा
अनुकरण करने का मन होता है ॥

(25) संस्कृतभाषायाम् शान्त्यर्थम् ।
हिन्दीभाषायाम् विनोदाय च ॥
आंग्ल-भाषायाम् जीविकार्थम् ।
विज्ञानविषये शिक्षणेन च ॥

संस्कृत में लिखूँ शान्ति के लिए
हिन्दी में विनोद के लिए ।
अंग्रेजी में द्रव्यार्जन
शिक्षा कारण विज्ञान विषयमें ॥

(26) आंग्लभाषायाम् सुकरम् ।
हिन्दीभाषायाम् कष्टकरम् ॥
लिखित्वा संस्कृते लेखम् ।
कृतकृत्योऽस्मि अहर्निशम् ॥

अंग्रेजी में लिखना सुलभ
हिन्दी में कष्टकर ।
संस्कृत में लिखकर लेखों को
कृतकृत्य समझूँ अपने को ॥

राष्ट्रीयता

(27) सहस्रवर्षाणाम् दासत्वं ।
पुनरेव न स्वीकरिष्यन्ति ॥
नाभिकीय अस्त्रेण सह ।
भारतीयाः कृष्णानुचराः ॥

हजार वर्षों की दासता फिर कृष्णानुचर ।
अस्त्रयुक्त भारतीय स्वीकार नहीं करेगें ॥

(28) सहस्त्र वर्षाणि वयं दासाः ।
केन कारणेन भारतीयाः ॥
भविष्ये न पुनरावृत्तिं ।
स्वातंत्र्यम् रक्षन्तु सर्वदा ॥

हजार वर्षों तक हम क्यों दास रहें-भारतीय
सोचें । भविष्य में फिर दास नहीं बनें
तथा स्वतंत्रता की रक्षा सदा करें ॥

(29) अद्यारभ्य युद्धभूमौ ।
भारतीयाः अजेयाः ॥
गीता तदा गेया ।
वेदोपनिषदश्च श्रेष्ठाः ॥

आज के बाद युद्ध भूमि में भारतीय ।
विजेता होंगे । गीता तभी गायी जाएँ
वेदोपनिषद् श्रेष्ठ हों ॥

(30) वयं पराजिताः युद्धे ।
अस्त्रेण शस्त्रेण हीनाः ॥
वैरिनि उपस्थिते द्वारे ।
नांशयितुम् सदा तत्पराः ॥

अस्त्र शस्त्र नहीं रहने के कारण
हम युद्ध में पराजित हुए।
शत्रु द्वार पर आते ही
नाश कर दिए जाएँ ॥

(31) व्यापारे व्यवसाये च ।
उद्योगे च श्रेष्ठताम् ॥
नाभिकीयशस्त्रास्त्रेषु ।
भारतीयाः सक्षमाः ॥

व्यापार, व्यवसाय, उद्योग में
भारतीय श्रेष्ठता लायें।
नाभिकीय शस्त्रास्त्रों में
भारतीय तैयार रहें ॥

(32) क्षमी, निश्शस्त्राः मतवैभिन्याः ।
स्वल्पे सन्तोषिनः सदा ॥
अज्ञाताः जीवनचक्रस्य ।
वयं भूते पराजिताः ॥

क्षमावान, निश्शस्त्र मतवैभिन्य
थोड़े में सन्तोष रखना तथा।
जीवन-चक्र में होनेवाले परिवर्त्तन से
अज्ञात रहने के कारण भूत में हम पराजित हुए ॥

(33) सजगाः शस्त्रास्त्रेण ।
सतर्काः सदा एकीभूय ॥

आत्मबलेन तत्पराः ।

वयं तदा अपराजेयाः ॥

भारतीय सजग सतर्क, शस्त्र अस्त्र से ।

पूर्ण, सदा एकता तथा आत्मबल से ही

अपराजित रहेंगे ॥

विज्ञान-विषये

(34) नूतनानुकरणीयाः ।

विज्ञानविषयस्य शोधाः ॥

विज्ञानेशोधे सम्पन्ने ।

अमृतफलमिवाप्नुयात् ॥

विज्ञान विषय के नए शोध

अनुकरण किए जायें ।

नए शोध अमृत फल की

तरह हैं ॥

(35) गच्छन्तु गच्छन्तु तत्र ।

यत्रास्ति विज्ञानच्छाया ॥

विज्ञानमस्ति कामधेनुः ।

दोग्धारः सर्वे जनाः ॥

विज्ञान की छाया में

सब लोग जाएँ ।

विज्ञान कामधेनु है

दुहनेवाले सभी लोग ॥

(36) यथा "मीर" च "सोयुज" च ।
निस्सीम्नि गगने शोधरते ॥
भारतीयाः उपग्रहाः तथैव ।
प्रेषयन्तु समाचारार्थम् ॥

MIR (रूस का अन्तरिक्ष स्टेशन 1990-1997) तथा अमेरिका का सोयुज गगन में शोध कर रहे हैं । इसी तरह हिन्दुस्तान के भी उपग्रह गगन में भेजे जाएँ । (1997 में मीर क्षति ग्रस्त हो चुका था ।)

(37) परमाण्वणुबमाः घातकाः ।
कोटिशः मानवानाम् ॥
आगतोऽस्ति यथा कालो ।
वैरिणः जनानाम् मानवाः ॥

करोड़ो मानव को मारनेवाले
परमाणु बम हैं ।
लोगों के मनुष्य ही शत्रु बन गए ॥

(38) शोधे प्रकृत्यनुसंधाने ।
युवकाः भारतीयाः ॥
सिद्धान्ते व्यवहारिके ।
विश्व-स्तरे वैज्ञानिकाः ॥

शोध और प्राकृतिक अनुसंधान में
सिद्धांत में व्यवहार में ।
विश्व-स्तर के भारतीय
वैज्ञानिक श्रेष्ठ हैं तथा रहना है ॥

(39) शोधाः समर्पिताः उद्योगाः ।

लाभोन्मुखिनः व्यापाराः ॥

राकेटप्रक्षेपने तथा क्षमः ।

तारकप्रदेशे यथा गच्छेत् ॥

उद्योग शोध समर्पित हों

व्यापार लाभोन्मुखी हों ।

राकेट प्रक्षेपन इतना सक्षम हो

कि तारक प्रदेश में जा सके ॥

(40) विश्वे पठितुम् शोधाय ।

गन्तव्यं भारतवासिभिः ॥

प्रथमाः सन्तु स्पर्धायाम् ।

ऋषेः रक्तेन मुनेः प्रज्ञया ॥

शोध करने के लिए

भारतीय विदेश जाएँ ।

ऋषि के रक्त तथा मुनि की प्रज्ञा

के कारण विश्व-स्पर्धा में प्रथम हों ॥

(41) सर्व-साधना-सम्पन्नाः ।

चारित्र्यबलेन कुत्रापि ॥

देवाः वसवः आशिष्यन्ते ।

साफल्यं विश्व-स्तरे प्राप्नुयात् ॥

सर्व-साधन-सम्पन्न
चरित्र बल से कहीं भी ।
देव वसु के आशीर्वाद से
विश्व-स्तर की सफलता प्राप्त करें ॥

(42) संस्कृतभाषा समादृता ।
"आनंदामाइड" इति नाम्ना ॥
'आनन्दामाइड' इति मधुरम् ।
शर्करायाः सहस्त्रगुणम् ॥

विश्व रासायनिकों ने "आनंदामाइड" नाम
देकर संस्कृत भाषा का आदर किया ।
आनंदामाइड चीनी से हजारों गुना
अधिक मीठा है ॥

(43) विविक्ते प्रकृत्यनुसंधानेन ।
कालजयी व यः सृजति ॥
औषधिं चिकित्सार्थम् विज्ञानार्थम् ।
तस्मै नमस्करोमि पुनः पुनः ॥

प्रकृति के अनुसंधान द्वारा एकान्त में
कालजयी के समान जो औषधि तथा ।
विज्ञान में योगदान देते हैं उनको बारंबार नमस्कार ॥

(44) सूर्यात् पृथ्वी निःसृता सौर-मंडले ।
सूर्यः ज्वलति अहर्निशम् ॥

ज्वलनं यदा स्थगितम्: ।

पृथ्वी गमिष्यति रविम् ॥

सूरज से पृथ्वी निकली

सूर्य है जलता रातदिन ।

जलना बन्द हो जायेगा

भू जायेगी मिल ॥

(45) चन्द्रेण जीवनं भूमौ ।

चन्द्रः ददाति पावसम् ॥

चन्द्राकर्षणेन वर्धते ।

जीवानाम् शरीरः ॥

चन्द्र से ही जीवन पृथ्वी पर

चन्द्र से ही वर्षा होती ।

चन्द्र आकर्षण से ही

जीवों की देह बढ़े ॥

(46) तारकाः सूर्याः सन्ति ।

रात्रौ दृश्यन्ते केवलम् ॥

कोऽपि तारकः रवेः पार्श्वे ।

आगच्छेत् चेदेकः विखंडितः ॥

सभी तारे सूर्य हैं

रात्रि में टिमटिमाते ।

अगर कोई तारा अपने सूर्य के पास

आ जाए तो इस सूर्य या उस ॥

तारक का खंड खंड हो जाए ।

(47) कोटिशः सूर्याः भ्रमन्ति ।
कोटिशः नीहारिकायाम् ॥
चापि सूर्याः विलीयन्ते ।
कृष्णविवरे सदा सदा ॥

करोड़ों सूर्य घूम रहे हैं
करोड़ों नीहारिका में ।
सूर्य का भी नाश होता है
कृष्ण विवर में सदा सदा के लिए ॥

(48) तारकोऽपि च नश्यति वै ।
दस-सहस्त्रवर्षेषु एकः ॥
यथा दृष्टमेकं दृश्यम् ।
सामीप्ये गते काले ॥

दस हजार वर्षों में
एक तारा की मृत्यु होती है ।
ऐसा ही दृश्य कुछ
दिन पहले दिखाई पड़ा था ॥

(49) सूर्यः उत्क्रामति तापम् ।
फ्यूजनस्य प्रक्रियायाम् ॥
शीतं फ्यूजनम् चापि ।
प्राप्यं वैज्ञानिकैः जनैः ॥

फ्युजन द्वारा सूर्य से
ताप उत्पन्न होता है ।
शीत फ्यूजन संभव है
विज्ञानिओं द्वारा (प्रयोग में आंशिक सफलता मिली है 1997 तक) ॥

(50) "सूर्यः उदयति प्राच्यां" ।

कथमपि न तर्कसंगतम् ॥

सूर्यः अपि भ्रमति कक्षायाम् ।

दिशाः सदा परिवर्तन्ते ॥

"सूर्य का पूर्व उगना"

ऐसा कथन सत्य नहीं है ।

क्योंकि सूर्य भी कक्षा

में घूमकर दिशा बदलता रहता है ॥

(51) एकेन पादक्रमणेन ।

पंच वेगान् प्राप्नोति खलु ॥

स्ववेगः भू-भ्रमणं वर्द्धनम् ।

सूर्यगतिः च नीहारिकाः ॥

एक पग बढ़ने से

पाँच वेग प्राप्त होते हैं ।

स्व वेग, पृथ्वी का धुरी पर घूमना

आगे बढ़ना सूर्य वेग और नीहारिका का भागना ॥

(52) प्रकाशस्य वेगम् प्राप्तुम् ।

वस्तु शक्नोति न खलु ॥

यदि चेत् प्राप्यते वेगः ।

भारः अपरिमितः जायते ॥

आइन्सटीन के सिद्धांत के अनुसार
वस्तु प्रकाशवेग नहीं प्राप्त कर सकती ।
अगर वस्तु ने प्रकाशवेग पा लिया
तो भार अपरिमित हो जायेगा ॥

(53) "शु-मेकरः" उल्कापिंडः ।
वृहस्पतिग्रहे आपतितः ॥
सर्वे जीवनाः हनिष्यन्ते ।
पतेत् भूमौ यदि मीलाकारः ॥

"Shoe- Maker" उल्का पिंड जुलाई 1994 में
वृहस्पति सतह पर टकरा गया ।
अगर एक मील आकार का उल्का पिंड
पृथ्वी पर गिर जाए तो जीवन समाप्त हो जायेगा ॥

(54) कोटिशः वर्षाणि वै ।
भुवः आयुः शिष्यते ॥
मयैव लिखितः लेखः ।
"धर्मयुगे" प्रकाशितः ॥

पृथ्वी की आयु अभी भी करोड़ों वर्ष शेष है ।
मेरा लेख धर्मयुग दिनांक 16/7/1994 में प्रकाशित हुआ है ।

(55) पृथ्वीमंगलाभ्यां मध्ये ।
भ्रमन्ति उल्काः द्वि-सहस्राः ॥

नाशयिष्यन्ति ध्रुवं जनाः ।
पथात् च्युताः यदि भुवं प्रति ॥

पृथ्वी मंगल के बीच में
उल्का दो हजार भ्रयणशील है ।
पृथ्वी तरफ जो बढ़े कभी
जन उनका नाश करे अवश्य ॥

(56) गुरुत्वाकर्षणेनभू भ्रमति ।
प्रत्याकर्षणेन वर्धते पुरतः ॥
वायुमंडलेन सहभ्रमति ।
कणो एको न विमुच्यते ॥

गुरुत्वाकर्षण से पृथ्वी घूमे
प्रत्याकर्षण से आगे बढ़े ।
वायुमंडल भी साथ चले
कण एक न छिटक सके ॥

(57) जीवनम् वृहस्पतेर्चन्द्रे ।
कदाचित् युरोपामध्ये ॥
अवश्यमेव परिमार्गितव्यम् ।
अन्यसौरप्रदेशे जीवनम् ॥

शायद वृहस्पति के चाँद Europa में
जीवन हो (वर्फ मिलने से 1997) ।
अन्य सौर प्रदेश में जीवन
की खोज होनी चाहिए ॥

(58) पुच्छलतारकाः च भ्रमन्ति ।

सौरप्रदेशे सदा सदा ॥

आगच्छति भूसमीपे चेत् ।

अति सामीप्ये नाशयेत् ॥

पुच्छल तारा घूमे

सौर प्रदेश में सदा सदा ।

अति समीप भू के आ जाए

उसका नाश जन अवश्क ही सोचें ॥

(59) नैके सूर्याः विलीयन्ते

कृष्णविवरे सदा सदा ।

बिग-बैंग-विस्फोटः निश्चितः

सृष्टिरपि पुनः निश्चिता ॥

कितने सूर्य कृष्णविवर

को प्राप्त होते हैं । फिर एक दिन

BIG BANG का विस्फोट होकर सृष्टि

का पुनः सृजन होगा ॥

कम्प्यूटरम् रोबोटश्च

(60) कम्प्यूटरम् रोबोटश्च ।

उभौ युगस्य चालकौ ॥

एतयोरनुसन्धाने वैं ।

भारतीया अग्रगण्याः स्युः ॥

कम्प्यूटर रोबोट इस
युग के दोनों चालक हैं ।
इसीलिए भारतीय भी
इसमें अग्रणी हों ॥

(61) सौरमंडले सैन्यक्षेत्रे ।
औषधिक्षेत्रे तथैव च ॥
गणितस्य उपयोगे च ।
उपयुज्येते दैनंदिने ॥

कम्प्यूटर रौबौट का उपयोग
सौर मंडल सैन्य क्षेत्र औषधि ।
वा दैनंदिन में हो ॥

(62) नभात् पठितुम् शक्नोति ।
भूमौ हस्तस्थं पत्रम् ॥
अवश्यमेव उपयोगः ।
असाध्यरोगस्यौषधे ॥

आज उपग्रह के कैमरे हाथ में रखें
पत्र को भी पढ़ सकते हैं ।
इसलिए इनका उपयोग
असाध्य रोगों के उपचार में हो ॥

(63) अपरिमेया शक्तिः प्राप्या ।
भारपरिवर्तनात् ध्रुवम् ॥

भारः परिवर्त्तनीयः ।
शक्त्यर्थम् भारतीयैः ॥

आइन्सटीन के सिद्धांत के अनुसार
भार के परिवर्त्तन से अपरिमित शक्ति मिलती है ।
भारतीय भी बल के लिए
इस शक्ति का उपयोग करें ॥

साहित्य-क्षेत्रे

(64) अनुपयोगि साहित्यम् ।
जनाः इति कथ्यन्ते ॥
जनेष्टाय न साहित्यम् ।
कालयापनाय केवलम् ॥

साहित्य को अनुपयोगी
लोग कह रहे हैं ।
जन कल्याण के लिए साहित्य
नहीं लिखे जा रहे हैं बल्कि समय व्यतीत करने के
लिए लिखे जा रहे हैं ॥

(65) कस्यापि नैव प्रसीदाय
न वित्तोपार्जनाय हि
लेखनीयं तथाविधसाहित्यम्
यस्य पाठः सदा भवेत् ॥

न किसी को प्रसन्न करने के लिए

न वित्तोपार्जन के लिए ही लिखना चाहिए।

जिसको सब दिन पढ़े

ऐसा लिखना चाहिए ॥

(66) नद्यम्बुः कलकलं कुर्वन्।

सन्तुलयितुं यात्य अर्णवे ॥

रिङ्गत्तरङ्गः गगने भूमौ।

स्मिताः यथैव कामिनी ॥

नद्यम्बु कलकल करता-करता।

सागर में जाता सन्तुलनार्थ।

अठखेल करतीं लोल लहरें

हँसे सदा मही गगन में ॥

(67) जलावेगेन ध्वंसाः।

कूलाः दिशाविहीनाः ॥

अतृप्तकामानांः स्त्रीणां।

ज्वलनशिखेव कुण्ठितं हृदयम् ॥

सरिता वही उद्दाम बनती

तोड़ देती कूल।

स्त्री इच्छा अतृप्त कुंठित

ज्वलन शिखा अनुकूल ॥

दर्शन - विषये

(68) धनहीनः जीवितुम् नेच्छामि ।
नेच्छामि धन-वैभवम् ॥
इच्छामि धनहीनाय ।
किमपि दानम् धनार्जितात् ॥

धनहीन न जीना अच्छा
धन-वैभव भी दुखकर ।
थोड़ा सा धनहीन को देना
जो कमाई हो सके ॥

(69) मदिरापानम् नेच्छामि ।
इच्छामि पानस्य फलम् ॥
अनुगमनम् यथादिष्टम् ।
मम मस्तकः सदा नमितः ॥

मदिरापान न अच्छा
मदिरापन पर श्रेयस्कर ।
जैसे रहना पड़े रहें
मस्तक सदा नमित मगर ॥

(70) जलजो भासते जलद्दूरं ।
संपोषणाय जलमिच्छति ॥
मरुभूमौ गमनं ऋषये ।
स्वर्गार्गला इव दृश्यते ॥

जल में रहकर कमल है दूर
पर जीवन है जल से ।
मरुभूमि में गमन मगर
योगी को स्वर्गार्गला लगे ॥

(71) धनहीनः पीड़ितः धनेन ।
हन्यते रात्रौ न शेते ॥
आधिक्यं यदा प्राप्तं ।
जनस्याक्षिः परिवर्त्तेते ॥

धनहीन पीड़ित, धन में मारे जाते
रात को नींद न आती ।
ज्यों ही अधिक धन मिला
आँख बदल है जाती ॥

(72) सत्यवक्तुः अनुगामी ।
अल्पीयांसः एवं दृश्यन्ते ॥
असत्यवक्तुः पृष्ठगामिनः ।
प्रात्यन्ते वै पदे पदे ॥

सत्यवक्ता के साथ चलने वाले
बहुत ही कम होते हैं ।
मिथ्यावक्ता के साथ चलनेवाले
पग पग पर मिलते हैं ॥

(73) शंकराचार्याः तथा पोपाः ।
बुद्धावताराः पैगम्बराः ॥

प्रार्थयन्तु सर्वे गुरवः ।
ओम् शांतिः विश्वे यथा ॥

सभी शंकराचार्य, पोप
लामा तथा पैगम्बर ।
एक साथ मिलकर
विश्वशांति के लिए प्रार्थना करें ॥

(74) जनः जीवितेन श्राद्धेन ।
त्यजति विकारान् देहात् ॥
इत्युत मया श्रुतम् इच्छामि ।
परिष्काराय तेन विधिना ॥

जीवित रहते श्राद्ध करें
सभी विकारों को तजे ।
मैंने ऐसा सुना
ऐसा ही मैं भी करूँ ॥

(75) आगतः एकः गन्तुमस्ति एकः ।
मोदक्षणे च व्यथावहने ॥
सत्यम् न एकम् दृश्यते यत् ।
देवेच्छया सर्वं मा वद ॥

अकेला आना अकेले जाना
मोद-व्यथा क्षण भी अकेले ।
कुछ भी न सत्य जो दीख रहा है
सब भगवत्कृपा मत सोचो ॥

(76) सन्तोषिनः सुखिनः जगत ।
सन्तोषे सौख्यं च प्राप्यते ॥
सन्तोषः क्रमिके साफल्ये ।
वाधकः सर्वमनोरथे ॥

सन्तोष से सुखी प्राणी
सन्तोष से सुख मिले ।
सन्तोष ही क्रमिक सफलता में
मनोरथ में हमेशा बाधक है ॥

(77) जीवनस्यास्य किम् लक्ष्यम् ।
ब्रह्मानन्दस्य सदा प्राप्तिः ॥
यः करोति मनोयोगेन ।
लक्ष्यं प्रति सः समर्पितः ॥

जीवन क्या हो ब्रह्मानंद
जो भी करे मनोयोग से ।
लक्ष्य के प्रति सदा समर्पित ॥

(78) पारावतस्य प्राणरक्षा ।
स्व-आत्मा रक्षितो धर्मः ॥
पारावतं हच्वैव ।
सदास्ति श्येनस्याशनम् ॥

कबूतर करे निज प्राण की रक्षा
प्राणरक्षा ही उसका धर्म ।
मारे कपोत बाज की इच्छा
कपोत ही बाज आहार रहा ॥

(79) किं कर्म किमकर्मेति ।
जनाः सदैव शंकिताः ॥
सत्पथे सञ्चरणं तु ।
देवस्य सश्रद्धं पूजया ॥

क्या कर्म अकर्म का संशय
सदा पग पग पर आता है ।
सत्पथ पर चलना केवल
पूजाविनय से आता है ॥

(80) पूजय त्वं देवं पूज्यम् ।
श्रद्धया भक्त्या निष्ठंया ॥
उचितमनुचितम् कर्म प्रज्ञा ।
स्वयमेव अवाप्स्यति ॥

जो भी पूज्यदेव हों पूजो
श्रद्धा भक्ति निष्ठा से ।
उचित अनुचित क्या है
स्वयं ही पता चलेगा ॥

(81) दिवसाः व्यतीताः विमुखाः सर्वे ।
अद्यावधि मम अभवत् न कोऽपि ॥
वार्युर्वहति उदयति च चन्द्रः ।
गमनम् मया सदा सदैव ॥

दिन गुजरते गए सब मुकरते गए
आज तक मेरा हुआ न कोई ।
वायु वहे चंदा हँसे
मैं चला सदा सदा को ॥

(82) अनुभवामि लज्जामहम् ।
कृतं न मया महाजनेन कृतं ॥
कृतं न यच्छ्रेय: अद्यावधि ।
तत्कर्त्तव्यं साम्प्रतम् ॥
लज्जा का अनुभव हो
बड़े जनों सम कर न पाया ।
अच्छा काम न अब तक
अब भी तो प्रारंभ करें ॥

(83) गमनम् मरुभूमौ ।
सहभागी न कोऽपि ॥
ज्वलितौ पादौ ।
चल रे मनस् तथापि ॥
मरुभूमि में पैर जले
पर साथी न कोई ।
चलना रे मन
जब तक साँस चले ॥

(84) पतित्वा मरुभूमौ ।
समाधिरेव प्राप्स्यते ॥

गमनेन तु लभ्यं ।
लक्ष्यं कदापि ॥

मरुभूमि में गिरने से
समाधि ही मिलेगी ।
पर चलने से
शायद लक्ष्य मिले ॥

(85) शरीरे हि सर्वाणि तीर्थाणि ।
तीर्थाणि न गमनीयाणि ॥
देवावाहनम् न करणीयं ।
विनयाश्रितं केवलम् ॥

शरीर में ही सभी तीर्थ
तीर्थ स्थल को क्या जाना ।
देव आवाहन आवश्यक नहीं
केवल प्रार्थना सब का मूल ॥

(86) दुःखम् च दुर्भाग्यम् च ।
कदापि न त्याज्ये ॥
विनयः ददाति ।
शक्तिः संघर्षस्य ॥

दुख और दुर्भाग्य
कभी न जाए ।
विनय संघर्ष
की शक्ति दे ॥

(87) यदा जल-कणः नभे भ्रमति ।
प्राप्नोति घनः शीतलताम् ॥
भ्रमित्वा अनिलेन सह ।
प्राणान् देहे सञ्चारयेत् ॥

जल कण नभ में घूमकर
शीत बादल का रूप बने ।
पवन सह घूम-घूम कर
तन में प्राण संचार करे ॥

(88) अत्रैव आगच्छन्नासम् ।
आगतोऽस्मि अत्रैव च ॥
गच्छन्नस्मि तथा देशे ओम्-रूपे ।
गन्तुमस्ति गमिष्यामि विनयेन सह ॥

यहीं आना था आ गया मैं
जाऊँगा जहाँ जाना है ।
विनय अमृत सह जा रहा
विनय साथ कर अनेक रूप में ॥

(89) यथा नद्यः यान्ति समुद्रे ।
नद्याम् जलं नभात् यथा ॥
अर्णवात् वाष्परूपे गगने ।
चक्रवत् जीवनम् सदा ॥

नदी समुद्र में जाए
नदी में नभ से जल गिरे ।
समुद्र से वाष्प गगन को जाए
जीवन चक्र इसे कहे ॥

(90) तले तरंगाः ध्वनिताः ।
मध्यार्णवे न शब्दायन्ते ॥
हास्य-रुदने सुख-दुःखे ।
धी जनः मध्यार्णवेव हि ॥

तल में तरंग ध्वनित हैं
समुद्र गह्वर में शांति विराजे ।
हास्य-रुदन सुख-दुख सम
बुद्धिमान् समुद्र गह्वर की तरह ॥

(91) दुःखम् सोढुम् यदा क्षमता ।
मनः उद्विग्न न जायते ॥
दुःखस्य कारणम् ज्ञात्वा ।
स्वयमेव निवारयेत् ॥

दुख से निपटने की क्षमता
कभी मन उद्विग्न न होवे ।
दुख का कारण ज्ञात रहे
स्वयं निवारण पास रहे ॥

(92) अहं ब्रह्मा अहं नादः ।
अहं शक्तिः सर्वकेन्द्रे ॥

किमपि न असंभवम् भुवने ।
आत्मबलेन इच्छाशक्त्या ॥

मैं ही ब्रह्म मैं ही नाद
मैं ही शक्ति सभी जगह ।
कुछ भी नहीं असंभव जग में
आत्मबल इच्छा शक्ति द्वारा ॥

(93) कलह-युद्ध-जनकोऽहं ।
सदा अनर्थकारकः ॥
पुण्य-पाप-स्थापकः ।
सदा देहधारिने ॥

मै ही कलह युद्ध का जनक
सदा ही रहा अनर्थ कारक ।
पुण्य पाप का स्थापक
देह धारियों के लिए ॥

(94) पञ्चाशत् वर्षेभ्यः परम् ।
जनः भवति दार्शनिकः ॥
विविक्ते पूजा-पाठे ।
स्वयमेव आकर्षितः ॥

पचास वर्ष के बाद
मनुष्य दार्शनिक बन जाता है ।
अकेले पूजा-पाठ में
स्वयं ही आकर्षित होता है ॥

(95) सत्यस्य चन्द्रघनावृत्वमिव ।
रात्रौ जायते कदाचिदेव ॥
प्रयत्नम् सत्यावरणस्य ।
जनैः कदापि न फलेत् ॥

सत्य का चन्द्रमा की तरह बादल में
छिप जाना रात में कभी कभी है ।
सत्य को छिपाने का प्रयत्न
व्यर्थ है चन्द्रमा को बादल से निकल आने की तरह ॥

(96) दूर्वाः वात्यया सह ।
कदापि न उन्मूल्यन्ते ॥
तेनैव विपरीतकाले ।
संधिं कुर्यादथोचितम् ॥

दूर्बा आँधी में कभी न उखरे ।
विपरीतकाल में उसी तरह संधि करें ॥

(97) कालः गच्छतीति यः पश्यति ।
सः एव तिष्ठति भुवने ॥
अन्ये तु कालस्य गमनं ।
पश्यन्नेव तिष्ठति ॥

समय का बीतना जो समझता है
वही संसार में कुछ कर पाता है ।
और लोग केवल समय का बीतना
देखते रह जाते हैं ॥

(98) मनुम् अपश्यत् कालो ।

मनुजम् दनुजम् तथैव च ॥

युद्धम् अभवत् भवति भविष्यति ।

अवश्यच्च वा मृतमनुजम् ॥

काल ने मनु को देखा प्रथम मनुज को

तबसे लड़ते मनुज दनुज को ।

युद्ध हुए होते हैं होंगे

मरते देखा स्वयं अनुज को ॥

(99) दुःखम् सोढुम् यदाभ्यस्तः ।

दुःखम् सुखे जायते ॥

सुखस्य परिभाषा तत्र ।

दुःखस्य भाषा जायते ॥

दुख सहने का अभ्यस्त हुआ

दुःख सुख में बदल गया ।

सुख की परिभाषा वहीं

दुःख की भाषा बनी ॥

(100) दुःखितः भवतुम् नाधारः ।

पश्य कुसुमाग्रजस्य विहसनम् ॥

प्रस्फुटति विविक्ते सुगंधेन ।

विलसति शूलावृतम् वने ॥

दुखित होने का आधार नहीं
कलियों का हँसना देखो ।
सुगंध विखेरना वन में
काँटों से घिरे रहना ॥

(101) यदा गमनम् गमिष्यामि ।
हर्षोत्फुल्लः सन्तुष्टः ॥
सर्वेभ्यः यदि स्नेहः न प्राप्तः ।
अहमेव न कोऽपि दोषी अन्यः ॥

जब जाना है जाना हँसते
हर्ष के साथ सन्तुष्ट बना ।
सब का स्नेह मिला नहीं यदि
दोषी मैं ही और नहीं ॥

(102) दैवेन दत्तं जनाय च दुःखम् ।
दुःखादपि दुःखितः महत्तरः ॥
सोढुं न कोऽपि आगच्छति पार्श्वे ।
हा हा दुःखे दिवसाः व्यतीताः ॥

नियति ने लोगों को दुःख दिये
दुख को कोई बाँट न सका ।
दुख में जीवन बीता ॥

(103) कदा गमनम् न जानामि ।

स्वागतम् नतमस्तकेन ।
सवांदः हृदये प्रेषितः ॥

जाना कब जग से ज्ञात नहीं
पर जाना जग से निश्चित है ।
इसीलिए स्वागत नतमस्तक
संवाद हृदय में कुछ प्रेषित हो ॥

(104) सुखस्यानुभूति सदा हि दुःखे ।
आगतोऽस्ति सांध्यकालो यथैव ॥
गता नदी अर्णवेन मिलितुम् ।
केनापि हृतः न स्वजनस्य दंशम् ॥

दुख में सुख की अनुभूति
आ गई साँझ की बेला ।
नदी चली अर्णव से मिलने
आया न कोई दुख हरने ॥

(105) अविश्वसनीयानि सत्कृतानि ।
केन विधिना विपरीतानि ॥
अद्यापि न ज्ञातं मया ।
अकरणीयं किं किं कृतम् ॥

विश्वास नहीं सत्कर्म समय पर
क्यों काम नहीं आए ।
आज तक ज्ञात नहीं
अकर्म मैंने क्या किए ॥

(106) शरीरमेव मन्दिरम् ।
शरीरमेव पूज्यम् ॥
पूजकः आत्मा ।
शरीरम् रक्षणीयम् ॥

शरीर मंदिर शरीर पूज्य ।
आत्मा पूजक शरीर रक्षणीय ॥

अध्यात्म-विषये

(107) सम्पत्तिः शत्रुः विद्या वैरिणी ।
मार्दवमार्जवम् न प्राप्ते ॥
चेत् धनेनाधर्मः वा ।
अकर्म विद्यया यदा यदा ॥

धन शत्रु शिक्षा वैरी
मृदुता सरलता न आई ।
अगर धन से अधर्म हुआ
वा शिक्षा से अकर्म हुआ ॥

(108) पृच्छ पृच्छ हृदयान्तरम् ।
किल्विषं किं किं कृतम् ॥
नास्ति कोऽपि दंडको पार्श्वे ।
भवानेव नैयायिकः ॥

स्वयं हृदय से पूछो
क्या क्या अन्याय पाप किया ।
समीप में कोई दंड देने वाला नहीं
पापों का स्वयं न्याय करो ॥

(109) यः आत्मज्ञाताऽभवत् ।
सः भोगे न लिप्यते ॥
कः कस्यकस्मै कायं विहाय ।
विदेहत्वमवाप्स्यति ॥

जो आत्मा को पहचान लिया
उसे भोग न सतायेगा ।
कौन किसका किसलिए वह
देह से विदेह बन जायेगा ॥

(110) यः श्रृणोति अनाहतं नादं ।
सोऽहम् कथयितुम् सक्षमः ॥
महाव्याधौ वा शोके ।
समभावेन तिष्ठते ॥

जो अनाहत नाद सुने
देवत्व प्राप्त वह कह सके
महाव्याधि वा शोक में
समभाव वह सदा रहे

(111) मया श्रुतम् अर्द्धाधिकाः जनाः ।
हनिष्यन्ते सामीप्ये युद्धे ॥

कथं न पुनर्भवतु ।

अवशिष्टाः विचारयेत् ॥

सुना मैंने आधे से अधकि जन

2000 ई० के युद्ध में मारे जायेंगे

किस कारण से फिर न हो

जो बचें सोचें ॥

(112) पूजया पापानि नश्यन्ते ।

पापम् न करोतु कदाऽपि ॥

पूजा-फलम् नाश्नुते ।

पापानि कुर्वन् यः पूजयेत् ॥

पूजा से पाप का नाश

भविष्य में यदि पाप न करे ।

पूजा फल न मिले कभी

पाप करते पूजा करे ॥

(113) प्रथमं पापं न करोतु ।

शपथं न पुनः कर्त्तुं स्वीकुरु ॥

क्षमस्व कृतानि पापानि ।

भविष्ये न करिष्यामि ॥

पहले पाप न करो

शपथ न फिर करने का लो ।

किए पापों की क्षमा प्रार्थना

भविष्य में कभी न हो ॥

(114) जनः यदा यदा भ्रमितः ।
विनयेन प्राप्तमुत्तरम् ॥
किम् कर्त्तव्यं कुत्र गन्तव्यम् ।
उत्तरितम् सदा सदा ॥

जब जब जन भ्रमित हुआ
विनय से मिला उसको उत्तर ।
क्या करना कहाँ जाना
सदा मिला इसका उत्तर ॥

(115) किमपि न प्राप्तं प्राप्यं तथापि ।
विनयः ददाति सौख्यं जनाय ॥
दृश्यते न यद्यपि प्रत्यक्षम् ।
अन्तराक्षिना दृश्यते सदैव ॥

मिला न कुछ भी, पर मिलने बाला
विनय से सुख मन को हो शांति ।
प्रत्यक्ष रूप से कुछ भी न दीखे
अन्दर अन्दर अतीव सुखकर ॥

(116) यदा घृणा याति गगने ।
हन्तुम् विरोधिनमिच्छति ॥
हन्तुम् नेष्टं स्वविश्लेषणम् ।
विनयः पाठयति जनान् ॥

जब घृणा सीमा आकाश
सर फोड़ दे विरोधी पास ।
विनय सिखाती कभी नहीं
तुम में ही है दोष कहीं ॥

(117) विनयः न भौतिकसुखाय ।
न आर्थिकलाभाय च ॥
तथापि सर्वोत्तमसुखम् ।
ओम् शान्तिमवाप्नुयात् ॥

विनय न भौतिक सुख दे
न अर्थागम का श्रोत बने ।
तब भी सबसे उत्तम सुख
ओम् शान्ति की नींव बने ॥

(118) अदर्शनीयाः अश्रवणीयाः ।
अकरणीयाः क्षमस्व देवा ॥
परपीड़णम् मया यदि कृतम् ।
श्रोतुम् द्रष्टुम् नेच्छामि कर्तुं ॥

नहीं देखने सुनने करने योग्य जो
सब के लिए क्षमा प्रार्थना ।
अगर किसी को पीड़ा मुझसे
ऐसा सुनना देखना, करना वर्जित ॥

(119) सदा अनुभवामि ।
पश्यति कोऽपिमाम् ॥

चर्तुर्दिक्षु सर्वदा ।
कर्म यत् अहम् करोमि ॥
कोई मुझको देख रहा
ऐसा अनुभव सभी दिशा
जो भी करूँ, भय मुझे
उसका हो ॥

(120) धैर्यं देहि सोढुं मयि ।
संसारस्य विरोधस्य ॥
जनाः ज्ञास्यन्ति सत्कर्म ।
गते काले अनन्तरम् ॥

संसार विरोध की क्षमता
अगर चलना सत्पथ पर ।
लोग अवश्य ही जानेंगे
सत्कर्मों को मरने पर ॥

(121) दैवीगुणेन सह युद्धम्
व्यभिचारस्य जायते ।
युद्धे हि कुत्रापि न शान्तिः
निर्बलः वृक्षः उन्मूल्यते ॥
दैवी गुणों का संघर्ष
कदाचार के साथ सदा ।
इसी संघर्ष में उड़ जाते
निर्बल वृक्ष के मूल कदा ॥

(122) यदा पश्यामि पापं पुरतः ।

कर्त्तुम् किमपि न चेत् क्षमः ॥

नयनम् निमिल्य प्रार्थयामि ।

क्षमस्व यत् यत् भवेत् ॥

पाप अगर आँखों के आगे

क्षमता हो प्रतिकार नहीं ।

अच्छा ही हट जाना

क्षमा माँग ले पाप सभी ॥

(123) पूजा अंसंगता स्वजने ।

पूजयैव बलमाप्नुयात् ॥

पूजाविहीनः यदा भवेत् ।

चरित्रहीनः जायते ॥

स्वजन में पूजा असंगत हो

पर पूजा से बल मिलता ।

पूजा विहीन अगर हुआ

चरित्रहीन वह सदा सदा ॥

(124) जलमिच्छति अर्णवगमनम् ।

यदाधिक्यं अवाप्स्यति ॥

दुःखेः वै शक्तिहासः ।

उक्त्वा हृदयात् प्रतिकुरु ॥

जल का गमन सागर की ओर
रहे न इसका जब कुछ भी ठौर।
दुःख में चुप से शक्ति ह्रास
बोल इसे प्रतिकार करो॥

व्यवहारे (व्यवहारिकम्)

(125) मिथ्याम् मिथ्येति उक्त्वा।
वृथा वैरिणम् न निमंत्रयेत्॥
नैयायिकः न भवानस्ति।
दंडप्रक्रिया न भवतः क्रिया॥

मिथ्या को मिथ्या कहकर
व्यर्थ न शत्रु बनाना।
न्याय करना जब क्षेत्र नहीं
न दंड देना, न भुगतना॥

(126) सर्वेभ्यः न सुलभः न्याय।
दुर्जनेभ्यः सुलभः सदा॥
आसन् सन्ति भविष्यन्ति।
नैयायिकाः युगे युगे॥

सबको न्याय सुलभ नहीं
दुर्जन को मनमानी करना।
रहे हैं रहेंगे दुर्जन तथा
नैयायिक भी सभी युग में॥

(127) कदापि न दुःखं परिहर्त्तव्यम् ।
चेत् वदतु परिजनान् प्रति ॥
परिजनाः न स्वीकरिष्यन्ति ।
दुःखस्य वर्धनम् केवलम् ॥

दुःख का हरण न हो सकता
अगर परिजन से बोल सके ।
परिजन कभी न बाँटेंगे
और दुःख बढ़ेगा कहकर ॥

(128) त्यजन्ति सर्वे असंगतान् ।
विपदि काले आगते जनान् ॥
आत्मबलम् यदि दृढम् ।
जनस्य सुहृत् पदे पदे ॥

असंगत को तजते सभी
विपत् काल में स्वजन भी ।
आत्मबल यदि दृढ किए
जन का मित्र पग पग पर ॥

(129) किमाराध्यम् केन विधिना ।
आराधकः कः अस्मिन् युगे ॥
कर्त्तव्यं यदि कर्म रात्रौ ।
क्षुधाभरणाय केवलम् ॥

किसकी पूजा, किस विधि से
आराधक कौन इस युग में ।
रात में करना पड़ता है काम
पेट भरण के कारण जब ॥

